प्रेस विज्ञप्ति

सॉवरेन स्वर्ण बांड योजना 2019-20 (श्रृंखला X) - निर्गम मूल्य

भारत सरकार की अधिसूचना संख्या फ़ .संख्या.4(7)-B(W&M)/2019 दिनांक 30 सितंबर, 2019 के संदर्भ में, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स 2019-20 (श्रृंखला-X), 02-06 मार्च, 2020 की अवधि के लिए खोली जाएगी । इस अभिदान अवधि के दौरान बॉन्ड का निर्गम मूल्य ₹4,260 (चार हजार दो सौ साठ रुपये मात्र) प्रति ग्राम होगा, जैसा कि आरबीआई प्रेस विज्ञप्ति दिनांक **28** फरवरी, 2020 में भी प्रकाशित किया गया है । सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स 2019-20 (श्रृंखला-X) की निपटान तिथि 11 मार्च, 2020 होगी ।

भारत सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से उन निवेशकों , जो ऑनलाइन आवेदन करते हैं तथा डिजिटल तरीके से भुगतान करते हैं, को निर्गम मूल्य में रु. 50 (पचास रुपये मात्र) की छूट देने का फैसला किया है। ऐसे निवेशकों के लिए स्वर्ण बांड का निर्गम मूल्य रु.4,210 (चार हजार दो सौ दस रुपये मात्र) प्रति ग्राम स्वर्ण होगा।

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
बजट प्रभाग
नॉर्थ बलॉक, नई दिल्ली- 110001
दिनांकः 28 फरवरी, **2020.**